मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, जेल रोड, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.gov.in E-mail : mdmandiboard@gmail.com Tel: 0755-2553429

क्रमांक / बी–5 / 2 / SWAN / 2018–19 / 1119 भोपाल दिनांक 09 मई 2019

प्रति,

(01) भारसाधक अधिकारी / सचिव,
कृषि उपज मण्डी समिति,
.... जिला ....(म0प्र0)।

(02) संयुक्त / उप संचालक,
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय,
भोपाल / इंदौर / उज्जैन / ग्वालियर / सागर / जबलपुर / रीवा(म0प्र0)।

विषय :– प्रदेश की कृषि उपज मण्डी समितियों में State Wide Area Network (SWAN) अन्तर्गत कनेक्टिविटी प्राप्त करने संबंधी।

संदर्भ :– कार्यालयीन पत्र क्र. / बी–5 / 2 / SWAN / 2017–18 / 955–956 दिनांक 26 सितंबर 2018 एवं 976–977 दिनांक 12 अक्टूबर 2018।

–0–

उपरोक्त विषय में संदर्भित पत्रों का पुनः अवलोकन करें। आंचलिक कार्यालय एवं प्रदेश की जिन मण्डी समितियों में स्वॉन कनेक्टिविटी स्थापित नहीं है, के लिये प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रानिक्स डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, भोपाल को कार्यालयीन पत्र 862 दिनांक 31 मई 2018 से प्रदेश के शेष 03 बचे आंचलिक कार्यालयों एवं प्रदेश की शेष बची 199 मण्डी समितियों में State Wide Area Network (SWAN) अन्तर्गत कनेक्टिविटी उपलब्ध कराये जाने संबंधी सहमति मंडी बोर्ड द्वारा दी गई है। इस कार्य में होने वाले व्यय के देयक संबंधित आंचलिक कार्यालय व मण्डी समितियों द्वारा ही भुगतान किये जावेगें।

मण्डी समितियों में State Wide Area Network (SWAN) अन्तर्गत प्राप्त कनेक्टिविटी को प्राथमिक इंटरनेट कनेक्शन के तौर पर उपयोग किया जाये पूर्व से स्थापित अन्य इंटरनेट सेवाओं का उपयोग विकल्प कनेक्शन के आधार पर किया जाये।

अंचल जिन मण्डियों में स्वॉन कनेक्टिविटी स्थापित करने के कार्यादेश दिये गये हैं, उन मण्डियों में M.P. SWAN Team के उपस्थित होने पर उनके साथ आवश्यक सहयोग एवं समन्वय कर मण्डी में स्वॉन कनेक्टिविटी की स्थापना एवं क्रियाशीलता सुनिश्चित कराकर इसकी सूचना मण्डी बोर्ड मुख्यालय को यथा समय अनिवार्य रुप से दी जाये।

अंचल जिन मण्डियों में स्वॉन कनेक्टिविटी स्थापित हो गई है उनके मण्डी सचिव से कनेक्टिविटी स्थापित होने की एवं क्रियाशीलता की पुष्टि कराकर मण्डीवार अद्यतन एकजाई पालन प्रतिवेदन मण्डी बोर्ड मुख्यालय को भिजवायें।

समस्त संयुक्त संचालक/उप संचालक, आंचलिक कार्यालयों को निर्देशित किया जाता है की वे अपने अंचल की मण्डी समितियों में एक अभियान चलाकर उपरोक्तानुसार कार्यवाही पूर्ण कराकर समग्र स्थिति पर मण्डीवार एकजाई पालन प्रतिवेदन मण्डी बोर्ड, मुख्यालय को यथा समय अनिवार्य रुप से भेजा जाये।

(फैज अहमद किदवई)
आयुक्त सह प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बी–5/2/SWAN/2018–19/1120 भोपाल दिनांक 09 मई 2019

प्रतिलिपि :– **सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

(01) प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रानिक्स डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, स्टेट आई0टी0 सेन्टर, 47–ए, अरेरा हिल्स, भोपाल (म0प्र0)

(02) प्रोजेक्ट डायरेक्टर, State Wide Area Network (SWAN) मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रानिक्स डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, स्टेट आई0टी0 सेन्टर, 47–ए, अरेरा हिल्स, भोपाल (म0प्र0)

(03) निज सहायक, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।

(04) अपर संचालक (वित्त), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।

आयुक्त सह प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल